<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक 05.11.2024

पीआरवी 5490 व थाना घुंघटेर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा रास्ता भटकर आयी मानसिक विक्षिप्त किशोरी के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया-

दिनांक 04.11.2024 को सूचना मिली कि ग्राम खोखवा थाना घुँघटेर में 15 वर्षीय किशोरी रास्ता भटक कर आ गयी है। उक्त सूचना पर PRV 5490 द्वारा अल्प समय में मौके पर पहुंचकर किशोरी से नाम पता पूछकर थाने के सुपुर्दगी में दिया गया। थानाध्यक्ष घुंघटेर श्री शिव कुमार द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए अथक प्रयास कर उक्त किशोरी के परिजनों का पता कर उनसे संपर्क किया गया एवं परिजनों को थाने पर बुलाया गया। परिजनों द्वारा बताया गया कि उक्त किशोरी मानसिक रूप से बीमार है एवं दिनांक 04.11.2024 को घर से लापता है। पुलिस टीम द्वारा उक्त गुमशुदा किशोरी को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।